C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:29 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:22 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 118 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025



प्रियंका चोपड़ा ने भतीजी वैलेंटिना...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### महाराष्ट्र से घूमने आए पर्यटक की नैनीताल में हृदयघात से मौत

**नैनीताल ।** महाराष्ट्र से नैनीताल घूमने आए पर्यटक की हृदयघात से मौत होने का मामला सामने आया है। पंचनामे के बाद पुलिस पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र निवासी 45 वर्षीय स्वप्निल अपने परिवार के साथ घूमने के लिए नैनीताल आये थे। रविवार की शाम को वह अपने परिजनों के साथ जू घूमने गया था। जू में घूमने के बाद वह वापस लौट रहा था इस दौरान वह बेहोश होकर गिर गया। आनन फानन में उसके परिजन राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल ले आये जहां डाकटरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टमटा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत का कारण हृदयघात माना जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल पाएगा वहीं एसआई दीपक कार्की ने बताया कि रविवार को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है।

### उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवसः रजत जयंती समारोह में शामिल होंगे प्रधानमंत्री मोदी

**देहरादून।** प्रदेश सरकार राज्य स्थापना के रजत जयंती उत्सव को यादगार बनाने में जुटी है। यह पहला अवसर है, जब प्रधानमंत्री राज्य स्थापना दिवस पर राज्य वासियों का उत्साहवर्धन करेंगे। उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती उत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। उनके आने की पुष्टि हो गई है। 11 नवंबर को एफआरआई में रजत जयंती उत्सव समारोह होगा। प्रधानमंत्री के आगमन के लिए प्रदेश सरकार ने तैयारियों का दायरा बढ़ा दिया है। प्रदेश सरकार राज्य स्थापना के रजत जयंती उत्सव को यादगार बनाने में जुटी है। यह पहला अवसर है, जब प्रधानमंत्री राज्य स्थापना दिवस पर राज्य वासियों का उत्साहवर्धन करेंगे। सोमवार को आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडे, अपर सचिव मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी सविन बंसल, महानिदेशक उद्योग सौरभ गहरवार, आईजी इंटेलिजेंस केएस नगन्याल, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, एसएसपी अजय सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने आयोजन स्थल एफआरआई का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

# आज कई इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी, छह डिग्री तक लुढ़का पारा

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**



**मोंथा का असर**
- लखनऊ सहित कई जिलों में देर रात से बारिश
- अक्टूबर के आखिरी सप्तमाह मौसमी उतार-चढ़ाव व चक्रवात मोंथा का असर

मैंथा चक्रवात की वजह से यूपी में मौसम ने यू-टर्न लिया है। राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में सोमवार देर रात से बारिश हो रही है। वहीं उत्तराखंड में बीते रोज से घने बादल छाए हुए हैं।
उत्तर प्रदेश में अक्टूबर का आखिरी हफ्ता मौसमी उतार-चढ़ाव और चक्रवात मोंथा के असर में गुजरने वाला है। मौसम विभाग का कहना है कि अरब सागर से आ रही नमी और बंगाल की खाड़ी में बन रहे वेदर सिस्टम के चलते बादलों की सक्रियता बढ़ी है। इसके असर से अगले दो दिनों मेंअधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट देखने को मिलेगी। इधर लखनऊ सहित कई जिलों में देर रात से बारिश हो रही है। सोमवार को प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बादलों की आवाजाही, पारे में गिरावट और बुंदेलखंड के झांसी, ललितपुर आदि में बूंदाबांदी देखने को मिली। सोमवार शाम तक बांदा में सर्वाधिक 14.6 मिमी और ललितपुर में 10 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम को देखते हुए किसानों ने धान फसल की कटाई जोर-शोर से शुरू कर दी है। किसानों को डर है कि खेत में तैयार खड़ी धान की फसल पर पानी पड़ा तो नुकसान होगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना गहन अवदाब तेजी से प्रबल होकर गंभीर चक्रवाती तूफान मोंथा में बदल रहा है।
उत्तर- पश्चिम दिशा में बढ़ते हुए यह आंध्र प्रदेश तट के काकीनाडा के आसपास 28 अक्टूबर की शाम या रात के समय प्रचंड चक्रवाती तूफान के रूप में पहुंच सकता है। मोंथा चक्रवात का सबसे ज्यादा असर यूपी और बिहार में दिखेगा। 29 से 31 अक्तूबर के बीच बिहार से सटे पूर्वांचल के कई जिलों और बुंदेलखंड आदि में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं। 30 अक्तूबर को वाराणसी आदि में भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

**यूपी में बिखरी आस्था की आभा**

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का समापन

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**



उदीयमान सूर्य (उगते सूरज) को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही छठ महापर्व का समापन हो गया। बरेली समेत पूरे मंडल में लोक आस्था का महापर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार को तड़के चार बजे से ही जगह-जगह बनाए गए छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। यहां व्रतियों ने श्रद्धा और आस्था के साथ भगवान भास्कर की उपासना की। बरेली में रिमझिम के बीच व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। पीलीभीत और शाहजहांपुर में भी छठ महापर्व का उल्लास छाया रहा। सभी जगह अर्घ्य अर्पित करने के दौरान मेले जैसा नजारा दिखा। छठी मइया के गीत गूंजते रहे।

बरेली के रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर स्थित श्री शिव-शक्ति मंदिर में परिजनों के साथ व्रती महिलाएं छठी मइया के गीत गाते हुए पहुंचीं। यहां स्थित सरोवर को छठ पूजा के लिए भव्य तरीके से सजाया गया। पूरा परिसर आस्था से सराबोर दिखा। व्रतियों ने विधि-विधान से छठ पूजा को संपन्न किया। शहर के इज्जतनगर स्थित श्री शिव पार्वती मंदिर, धोपेश्वरनाथ मंदिर समेत घरों में भी बड़ी संख्या में व्रतियों ने सूर्यदेव के दर्शन कर अर्घ्य दिया। सुबह छह बजे के करीब रिमझिम बारिश शुरू हुई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था नहीं डगी। रिमझिम बारिश के बीच भगवान भास्कर की उपासना की। रिमझिम बारिश के बीच सूर्य निकलने तक व्रती महिलाएं ठंडे पानी में खड़े होकर हाथ में पूजा की टोकरी लिए आराधना करती रहीं। इसके बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और महाव्रत का पारण किया। इससे पहले सोमवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा निभाई गई थी। पीलीभीत जिले में सोमवार शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती महिलाओं ने पूजन और रात्रि जागरण किया। मंगलवार तड़के चार बजे से शहर के बरहा रेलवे क्रॉसिंग के जलाशय में व्रती महिलाओं की भीड़ जुटी। महिलाओं ने विधि विधान से छठ मैया का पूजन किया।

.... संबंधित खबर पेज 2 पर

# प्राइवेट स्कूलों के अतिरिक्त शुल्क वसूलने के मामले पर में कोई शिकायत नहीं

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्राइवेट स्कूलों के द्वारा निर्धारित फ ीस के अलावा छात्रों के अभिभावकों से अतिरिक्त शुल्क वसूलने के मामले पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद सोमवार को दो बजे राज्य सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए कोर्ट को अवगत कराया कि इस संबंध में राज्य सरकार ने एक एडवाईजरी कमेटी गठित की है, जिस किसी अभिभावक को कोई शिकायत करनी है तो वह उसमें कर सकते हैं। वहीं सीबीएसई बोर्ड की तरफ से कहा गया गया कि उनके पास इस तरह की कोई शिकायत किसी छात्र के अभिभावक के द्वारा दर्ज नही की गई है। मामले को निस्तारित करते हुए न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिये हैं कि वे अपनी शिकायत पहले गठित एडवाईजरी कमेटी के सममुख पेश करे। बता दें सोमवार को हुई सुनवाई पर चीफ एजुकेशन ऑफि सर नैनीताल कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया गया कि प्राइवेट स्कूलों द्वारा वसूले जाने वाली फीस व ड्रेस के अलावा खेलकूद समेत ट्रिप तथा नॉट बुक एक ही दुकान से लेने के संबन्धी पाबंदी पर राज्य सरकार ने कमेटी गठित की है जो पीड़ित है वे इसमे शिकायत दर्ज कर सकते हैं जिस पर सन्तुष्ट होकर कोर्ट ने जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए कहा है कि पीड़ित अपनी शिकायत राज्य सरकार की तरफ से गठित समिति में करें। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी दीप चन्द्र पांडे ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि राज्य में चल प्राईवेट स्कूलों के द्वारा छात्रों के अभिभावकों से फ ीस के अलावा कई अन्य शुल्क जबरन वसूली की जा रही है जिनमें स्कूल के द्वारा निर्धारित दुकान से नॉट बुक, किताबें तथा स्कूल ड्रेस व अन्य सामग्री जो उनको काफी महंगी पड़ती है जबकि वही नॉट बुक व किताब अन्य सामान्य दुकान पर कम रेट में मुहैया होती है।

जनहित याचिका में कोर्ट से उनके द्वारा प्रार्थना की गई है कि इस पाबन्दी पर रोक लगाई जाय। इसका विरोध करते हुए बोर्ड की तरफ से कहा गया कि स्कूल का सत्र एक साथ शुरू हो इसलिए सारी स्कूल बुक व अन्य चीज एक जगह मिल जाय और अभिभावकों को भटकना न पड़े इसलिए उनकी सुविधा के लिए स्कूल प्रबंधन ने दुकान का चयन किया है।

# महिलाओं के गले की चेन तोड़ने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नानकमत्ता पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस ने महिलाओं की गले की चेन तोड़ने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह की एक महिला सदस्य को गिरफ्तार किया है। महिला राजस्थान से नानकमत्ता मेले में चोरी की वारदात को अंजाम देने आई थी। एसएसपी ने बताया कि पीड़ित प्रधुमन गंगवार पुत्र स्व. रामपाल निवासी ग्राम दमखोदा थाना देवरनिया, बहेड़ी बरेली ने तहरीर दी कि 21 अक्टूबर 2025 को उनकी माता शांति देवी नानकमत्ता साहिब मेले में आई थीं। यहां किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके गले से सोने की चेन तोड़कर चोरी कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर खुलासा को विशेष टीम गठित की। पुलिस टीम ने मेले में लगे सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्म अवलोकन किया। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं वीडियो अन्य राज्यों की पुलिस को भी भेजे गए। पुलिस ने अभियुक्त बबीता पत्नी रिंकू निवासी ग्राम रुंदी करण, थाना चिकसाना, जिला भरतपुर राजस्थान को चोरी की गई चेन के हिस्से सहित गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी महिला ने स्वीकार किया कि वह अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ राजस्थान के भरतपुर जिले से नानकमत्ता मेले में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने आई थी।

# राजनीतिक पार्टियों की आपत्ति पर भाजपा बोली- ये देशहित की हर बात के विरोधी

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**




**मांग**
- एसआईआर की घोषणा पर विवाद

पश्चिम बंगाल भाजपा ने टीएमसी के बयान पर निशाना साधा। भाजपा नेता केया घोष ने कहा कि भाजपा का मानना है कि बंगाल में कोई भी फर्जी या अवैध मतदाता नहीं होना चाहिए। ममता बनर्जी की सरकार एसआईआर से इसलिए डर रही है क्योंकि उनके वोटबैंक में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिए शामिल हैं।

चुनाव आयोग ने सोमवार को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण का एलान कर दिया। इस चरण के तहत देश के 12 राज्यों में एसआईआर किया जाएगा। हालांकि चुनाव आयोग के एलान के बाद इस पर राजनीतिक विवाद भी शुरू हो गया है। कई राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव आयोग की घोषणा पर सवाल खड़े किए और तमिलनाडु की सत्ताधारी डीएमके ने तो चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर ही सवाल उठा दिए। डीएमके के प्रवक्ता सर्वानन अन्नादुरई ने कहा कि असम में एसआईआर क्यों नहीं किया जा रहा है? एसआईआर की प्रक्रिया कब से नागरिकता जांचने की प्रक्रिया बन गई है? बिहार में चुनाव आयोग को कितने फर्जी या अवैध मतदाता मिले? कई ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब चुनाव आयोग को देना है। डीएमके प्रवक्ता ने साल 2003 को कटऑफ साल रखने पर सवाल उठाए और पूछा कि 2003 को ही क्यों आधार बनाया गया है। इससे किसे फायदा होगा। इसे लेकर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं दिए गए हैं। डीएमके ने कहा कि हम देख रहे हैं कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा है और वोट चोरी में शामिल है। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता इस समय सबसे कम है। पश्चिम बंगाल में भी एसआईआर की प्रक्रिया होगी। टीएमसी ने इसे लेकर कहा कि हम भी पारदर्शी मतदाता सूची के पक्ष में हैं। पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से होगी, लेकिन अगर वैध मतदाता को परेशान किया गया तो हम इसका विरोध करेंगे। राज्य सरकार, राज्य धर्म निभाएगी। हम उम्मीद करते हैं कि चुनाव आयोग राजनीतिक दबाव में ऐसा कुछ नहीं करेगा कि हमें उसका विरोध करना पड़े।

# महापर्व छठ पूजा को उमड़ा आस्था का सैलाब

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

क्षेत्र में पूर्वांचल समाज के लोक आस्था के महापर्व छठ घाटों पर धूम मची रही। इस मौके पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने विधानसभा क्षेत्र के कई घाटों पर भ्रमण कर छठ व्रती माता बहनों से मुलाकात कर छठ पर्व की शुभकामनायें दी।

सोमवार शाम को विधायक ने अटरिया पुल स्थित छठ घाट, जगतपुरा, रविन्द्र नगर धोबी घाट,खेड़ा, प्रीत बिहार शिव मन्दिर, दानपुर, भगवानपुर, बागवाला, सम्पतपुर छठ घाट पर भ्रमण कर लोगो से मुलाक़ात की। व्यवस्था का जायजा लिया।

विधायक ने कहा कि छठ महापर्व जिसकी रुद्रपुर विधानसभा में जगह जगह घाटों पर धूम मची रही है यह सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा का पूर्वांचल समाज मे खासा विशेष महत्व है। निर्जला व्रत जो एक कठिन व्रत माना जाता है जिसे हमारी माता बहनें रखती है, निश्चित रूप से छठी माई की कृपा सभी पर बनी रहे। उनके कार्यकाल मे दस से अधिक छठ घाटों पर रुद्रपुर विधानसभा के अलग अलग क्षेत्रों मे सौंदर्यकरण के कार्य किये है। उन्होंने कहा कि छठी माई की कृपा से रुद्रपुर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है समस्त क्षेत्रवासियो को छठ महापर्व की हार्दिक बधाई शुभकामनायें।

इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, मुकेश पाल, दिनेश गुप्ता, राजेश कुमार, संतोष गुप्ता, पिंटू पाल, मोर सिंह, उपेंद्र गुप्ता,मनोज मदान, भीमसेन गुप्ता, सुनील यादव, मयंक कक्कड़ आदि लोग मौजूद रहे।



**आस्था**

● पूर्वांचल समाज लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के मौके पर विधायक शिव ने जगह जगह छठ घाटों पर



# छठ पर्व पर कांग्रेसी नेताओं ने क्षेत्र के कई छठ घाट पर पहुंच बधाई दी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में छठ पूजा पर्व बड़ी ही श्रद्धा व आस्था के मनाया गया। वहीं जनपद ऊधम सिंह नगर रुद्रपुर में छठ पूजा के शुभ अवसर पर पूर्वांचल समाज द्वारा छठ मैया की पूजा आराधना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान रुद्रपुर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सर्वेश कुमार सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मोहनखेड़ा, पीसीसी सदस्य परिमल राय व पूर्व ब्लाक अध्यक्ष दिनेश पंत ने नगर के कई छठ घाट पर पहुंच पूर्वांचल समाज एवं क्षेत्र की जनता को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठ मैया की पूजा आराधना वास्तव में एक बड़ी कठिन तपस्या है जिसमें महिलाएं उपवास रखते हुए छठ पूजा करती हैं। तीन दिन तक छठ पूजा आराधना करने लोगों की आस्था व श्रद्धा से छठ मैया की कृपा आशीर्वाद प्राप्त होता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि हर वर्ष पूर्वांचल समाज के हजारों श्रद्धालु छठ मैया की पूजा आराधना बड़ी ही श्रद्धा व आस्था के साथ की जाती है। जिसमें भगवान सूर्य की पूजा आराधना कर सुख समृद्धि की कामना की जाती है। कांग्रेसी नेताओं ने शुभकामनाएं देते हुए सुख समृद्धि की कामना की।

# उत्तराखंड के 13 जिलों में स्थापित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों में विशेषज्ञ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड के 13 जिलों में स्थापित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों में विशेषज्ञ, स्टॉफ व अन्य कर्मचारियों की तैनाती की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने कहा कि इसी तरह का मामला का संज्ञान उच्च न्यायलय में स्थित राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने लिया था।

उसके बाद प्राधिकरण के द्वारा सर्वे किया। उसकी रिपोर्ट के आधार पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा इनका उत्थान के लिए उच्च न्यायलय में जनहित याचिका दायर करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। उच्च न्यायलय ने उसका अवलोकन करने के बाद उसे स्वीकार करते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। बता दें कि सोमवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि जब एक जनहित याचिका एक विषय से सबंधित चली आ रही है तो दूसरी दायर करने की क्या जरूरत है? इनके उत्थान के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने पहले से ही उच्च न्यायलय में जनहित याचिका दायर की है इसलिए इसकी भी उसी के साथ सुनवाई की जाय। पूर्व में कोर्ट ने कई आदेश पारित किए लेकिन अभी तक उनका अनुपालन तक नहीं हुआ। मामले के अनुसार मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की संस्था रोशनी की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि केंद्र सरकार के फंड से जिलों में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र खोले गए हैं।

इन केंद्रों में अलग अलग श्रेणी के दिव्यांगजनों की मदद के लिये विशेषज्ञ स्टॉफ की नियुक्ति व अन्य ढांचागत सुविधाएं मुहैया करानी होती हैं। जिसका समस्त खर्चा केंद्र सरकार वहन करती है किंतु टिहरी जिले को छोड़ अन्य जिलों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है जिस कारण इस अति महत्वपूर्ण सुविधा के लाभ से दिव्यांगजन वंचित हैं।

**मांग**

● स्टॉफ व अन्य कर्मियों की तैनाती की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर हुई सुनवाई

## NEWS / फटाफट

### दो दिनी प्रवास पर नैनीताल पहुंचे राज्यपाल



**नैनीताल ।** सूबे के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) का सोमवार को दो दिनी प्रवास पर नैनीताल पहुंचे। बता दें नैनीताल के राजभवन पर पहुंचने पर आयुक्त/सचिव सीएम दीपक रावत समेत पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कुमाऊँ रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर राज्यपाल का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव रीना जोशी, परिसहाय अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार उपस्थित रहे।

### ज्वैलरी की दुकान में हुई डकैती के आरोपी नितिन को दी जमानत

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रानीपुर (हरिद्वार) में ज्वैलरी की दुकान में हुई डकैती के आरोपी नितिन को जमानत दे दी है । वह दो साल से जेल में बंद था । मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में हुई । हरिद्वार के रानीपुर थाने में 8 जून 2022 को शिकायतकर्ता (एक जौहरी) की दुकान पर कुछ अज्ञात हथियारबंद लोगों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था जिसमें नितिन भी आरोपी था, जिसकी जमानत अर्जी की सुनवाई में कोर्ट ने माना कि चार्जशीट दाखिल होने और आरोप तय होने के बाद परिस्थिति में बदलाव आया है । सुप्रीम कोर्ट के फैसले संजय चंद्रा बनाम सीबीआई (2012) एससीसी 40 को आधार बनाते हुए कोर्ट ने कहा कि स्वतंत्रता नियम है और हिरासत अपवाद। इसके अलावा आरोपी दो साल से अधिक समय से जेल में है जबकि मुकदमे की सुनवाई में प्रगति धीमी है। लंबी विचाराधीन कैद को व्यक्तिगत स्वतंत्रता (अनुच्छेद 21) का उल्लंघन माना गया।

### व्यक्ति की आंख फोड़ने के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जान लेवा हमला करने के प्रयास में एक व्यक्ति की आंख फ ोड़ने के आरोपी नूर आलम और शहजाद को जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकल पीठ ने अपने आदेश में कहा कि अपराध की गंभीरताए पीड़ित को लगी स्थायी और अपरिवर्तनीय चोट (बाएं आंख की रोशनी का पूरी तरह चले जाना) और प्रथम दृष्टया मजबूत साक्ष्य के चलते आरोपियों को इस स्तर पर जमानत नहीं दी जा सकती। शिकायतकर्ता तनवीर ने 24 मार्च 2024 को कांडा बागेश्वर थाने में रिपोर्ट लिखाई कि काम के दौरान साइट पर हुए झगड़े के बाद ठेकेदार शाहिद अहमद ने उन्हें गाली दी और अपने मजदूरों को उन पर हमला करने का निर्देश दिया। इसी निर्देश के बाद नूर आलम और शहजाद समेत अन्य लोगों ने लाठीए लोहे की रॉड और चाकू से उन पर हमला कियाए जिससे उनकी बाईं आंख में गंभीर चोट लगी और अंततः सर्जरी से आंख निकालनी पड़ी।

### डकैती के आरोपियों के आरोपों से कर दिया बरी

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट ने हथियारों के बल पर डकैती करने के 4 आरोपियों को अपर सत्र न्यायाधीश खटीमा के फैसले को रद्द करते हुए इन सभी को आरोपों से बरी कर दिया है । आरोपी धर्मेंद्र कुमार उर्फ समीर मलिक व इससे जुड़ी तीन अन्य अपीलों की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति आशीष नैथानी ने उधम सिंह नगरए खटीमा के अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा 24 फ रवरी 2021 को पारित दोषसिद्धि और सजा के आदेशों को निरस्त कर दिया गया है। अपीलों में दोषमुक्ति का सबसे बड़ा कारण भारतीय दंड संहिता की धारा 395(डकैती) के तहत अपराध साबित करने के लिए जरूरी पांच या अधिक व्यक्तियों की अनिवार्य संख्या का अभाव रहा। आईपीसी की धारा 391 के अनुसार डकैती तब होती है जब पांच या अधिक व्यक्ति मिलकर या प्रयास करके लूट करते हैं। अभियोजन पक्ष ने केवल चार अभियुक्तों धर्मेंद्र कुमार उर्फ समीर मलिक, मनमत राय, संजीव मजूमदार और प्रदीप कुमार उर्फ कालिया के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया और उनका विचारण किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# ठंड के चलते बढ़ रहा बच्चों में सर्दी, जुकाम व बुखार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में ठंड शुरू होते ही बच्चे बीमार पड़ने लगते हैं। इन दिनों भी ठंड के चलते बच्चे सर्दी जुखाम व खांसी से ज्यादा परेशान हो रहे हैं। जिसके चलते लगभग 70 बच्चे प्रतिदिन राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं।

बता दें कि जिला अस्पताल में बदलते मौसम से बच्चे बीमार होकर अस्पताल पहुंचने लगे हैं जिसके चलते रोजाना अस्पताल में भीड़ लग रही है। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र सिंह मेर ने बताया कि ठंड बढने के चलते इन दिनों सर्दी तथा जुकाम व बुखार के मरीज बढ़ने लगे हैं जिसमें छोटे बच्चों की संख्या ज्यादा है। इन दिनों अस्पताल में लगभग 700 बच्चे उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। जिसमें लगभग 50 बच्चे सर्दी व जुखाम व बुखार से परेशान हैं। बताया कि बच्चों को उपचार के साथ उनके परिजनों को बच्चों को ठंड से बचाने की राय दी जा रही है। उन्होंने बताया कि बच्चों को ठंड से बचाना जरूरी है।




घर से बाहर निकलने से बहले बच्चों को गर्म कपड़े पहनाकर जरूर भेजें। डाक्टरी सलाह के बिना बच्चों को कोई भी कफ सीरप न दें।

# सहायक वन कर्मचारी की समस्याओं पर हुआ गहन मंथन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सहायक वन कर्मचारी (वन दरोगा) संघ की बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष स्वरूप चंद्र रमोला की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सभी ने एक स्वर में मांग उठाई कि अवकाश के दिनों में भी वन दरोगाओं द्वारा कार्य किया जाता है इसलिए फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों को एक माह का अतिरिक्त वेतन दिया जाए।

बैठक में वकताओं ने कहा कि विभाग के कार्य कोटेशन से ना करते हुए टेंडर प्रक्रिया द्वारा किया जाए जिससे कार्य में गुणवत्ता आ सके। फ ील्ड में कार्यरत कर्मचारियों को वन तस्करों से मुठभेड़ होने पर पुलिस की भाँति आत्मरक्षा में शस्त्र चलाने की अनुमति दी जाए। कहा कि उपवन क्षेत्राधिकारी के रिक्त पदों को वन दरोगाओं का प्रमोशन कर अति शीघ्र भरा जाए साथ ही आगामी सहायक वन कर्मचारी (वन दरोगा) संघ के प्रदेश स्तरीय चुनाव को अति शीघ्र किए जाने पर सहमति व्यक्त की गई।



**बैठक**

● कहा, फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों को एक माह का अतिरिक्त वेतन दिया जाए

बैठक का संचालन प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे द्वारा किया गया।बैठक में प्रदेश महामंत्री बृज मोहन रावत,दक्षिणी कुमाऊं वृत के अध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी, मंत्री रणजीत सिंह थापा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम भरोसे, संरक्षक ललित हरबोला, भूमि संरक्षण वन प्रभाग नैनीताल के अध्यक्ष जीवन कांडपाल, दक्षिणी कुमाऊं वृत्त के कोषाध्यक्ष गिरधर सिंह नेगी, नैनीताल वन प्रभाग मंत्री राजेंद्र करायत, अतिरिक्त भूमि संरक्षण वन प्रभाग अध्यक्ष मुकेश भारती, संतोष जोशी, अनिल चौहान, मोहन पांडे, राजेंद्र जोशी, सुरेश जोशी, शशि वर्धन अधिकारी, दया किशन तिवारी, प्रयाग दत्त चौबे तथा विभिन्न सर्किलों तथा डिवीजनों के पदाधिकारी तथा सदस्यों उपस्थित रहे।

# अभिमत

## नाराजगी का गुबार

*कांग्रेस के दिग्गज नेता कुंठाग्रस्त हो गये हैं। आक्रोश को दबाने का भरसक प्रयास करते हैं, लेकिन मानव स्वभाव के तहत कई बार गुस्सा फूटता है और सच मुंह से निकल जाता है। कांग्रेस के जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने अन्य पार्टियों में अपना ठिकाना तलाश लिया है। चुनाव में काम करने के लिए उम्मीदवार को कार्यकर्ता नहीं मिल रहे हैं। किराये के लोगों से चुनाव अभियान चलाया जाता है। जनसभा के लिए भीड़ भी किराये पर जुटाई जाती है। कड़वा सच यह है कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुक्त होने पर ही कांग्रेस का भविष्य सुरक्षित हो पायेगा।*

लोकतांत्रिक देश की शासन व्यवस्था में किसी एक व्यक्ति की मर्जी नहीं चलती है। चुनाव के माध्यम से बहुमत वाली पार्टी के निर्वाचित सदस्य अपने नेता का चयन करते हैं और वह सरकार का मुखिया होता है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होती है। मर्यादित और संवैधानिक शब्दों में कोई भी अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकता है। सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ ही राजनीतिक दलों में भी आजादी होनी चाहिए। वर्तमान में पार्टी लाइन से अलग हटकर बोलने वाले को हिदायत दी जाती है कि पार्टी फोरम के अंदर बोलें और सार्वजनिक बयान देना अनुशासनहीनता होगा। करीब-करीब सभी पार्टियों के नेताओं की जुबान फिसल जाती है। नेताओं के बयानों को विवादित कहा जाता है, जबकि पार्टी हाईकमान के प्रति नाराजगी का गुबार होता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृहमंत्री पी चिदंबरम ने कहा कि वर्ष 1984 में स्वर्ण मंदिर में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए ऑपरेशन ब्लू स्टार सही तरीका नहीं था और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। चिदंबरम के इस बयान पर कांग्रेस के कई नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया की है। यह पहला मामला नहीं है। शशि थरूर के बयान से भी कांग्रेस के सामने असहज स्थिति पैदा हो चुकी है। दरअसल राहुल गांधी से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संतुष्ट नहीं हैं। राहुल गांधी की वजह से चुनाव में बार-बार हार का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2014 में केन्द्र की सत्ता से बेदखल होने के बाद तीसरी बार भी पराजित होना पड़ा। कई राज्यों में पराजय के बाद सरकार से हाथ धोना पड़ा है। परिवारवाद के तहत सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी कांग्रेस पार्टी को निजी संस्थान की तरह चला रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को किनारे कर दिया गया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता कुंठाग्रस्त हो गये हैं। आक्रोश को दबाने का भरसक प्रयास करते हैं, लेकिन मानव स्वभाव के तहत कई बार गुस्सा फूटता है और सच मुंह से निकल जाता है। कांग्रेस के जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने अन्य पार्टियों में अपना ठिकाना तलाश लिया है। चुनाव में काम करने के लिए उम्मीदवार को कार्यकर्ता नहीं मिल रहे हैं। किराये के लोगों से चुनाव अभियान चलाया जाता है। जनसभा के लिए भीड़ भी किराये पर जुटाई जाती है। कड़वा सच यह है कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुक्त होने पर ही कांग्रेस का भविष्य सुरक्षित हो पायेगा।

# तीन दिवसीय सप्तम अंतर पीएमएस खेल प्रतियोगिता

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

31वीं वाहिनी पीएसी के खेल मैदान में तीन दिवसीय सप्तम अंतर पीएमएस खेल प्रतियोगिता शुरू हो गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकन्द कुमार त्यागी ने किया।

इस दौरान स्कूली बच्चों ने ब्रास बैण्ड की मधुर धुन के साथ मार्चपास्ट निकाला एवं रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। 31वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक आईपीएस पंकज भट्ट ने बताया कि प्रतियोगिता में पुलिस मार्डर्न स्कूल 31वीं वाहिनी पीएसी रूद्रपुर, पुलिस मार्डर्न स्कूल 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार, पुलिस मार्डर्न स्कूल रोशनाबाद, हरिद्वार एवं पुलिस मार्डर्न स्कूल, देहरादून के करीब 310 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिसमें कबडडी, खो-खो, वॉलीबॉल, टग आफ वार, बैटमिंटन,फुटबॉल,चेस,कैरम, लंबी कूद,शॉटपुट,100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर,1500 मीटर आदि खेल कराये जा रहे हैं। पहले दिन खेले गये मुकाबलों के जूनियर बालक वर्ग के 1500 मीटर रेस में प्रदीप पांडेय पुलिस मार्डर्न स्कूल रूद्रपुर प्रथम, अश्विन फर्त्याल पुलिस मार्डर्न स्कूल रूद्रपुर द्वितीय एवं हिमांशु पुलिस मार्डर्न स्कूल रूद्रपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग के 1500 मीटर रेस में वंशिका पुलिस मार्डर्न स्कूल हरिद्वार प्रथम, अर्पिता पुलिस मार्डर्न स्कूल रूद्रपुर द्वितीय एवं प्राची पुलिस मार्डर्न स्कूल हरिद्वार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बैटमिंटन के नॉक आउट मैच में पीएमएस देहरादून ने पीएमएस रूद्रपर को हराया। शॉटपुट के बालक जुनियर वर्ग में पीएमएस रूद्रपुर के रिहान ने गोल्ड मेंडल प्राप्त किया। खो-खो बालिका वर्ग के प्रथम सेमी फाइनल में पीएमएस रूदपुर ने पीएमएस देहरादून को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। चेस जूनियर बालिका वर्ग में पीएमएस देहरादून प्रथम स्थान प्राप्त किया, चेस जूनियर बालक वर्ग में पीएमएस हरिद्वार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान 31वीं वाहिनी पीएसी उपसेनानायक मिथलेश कुमार सिंह, सहायक सेनानायक तपेश कुमार चन्द, प्रधानाचार्य पीएमएस रूदुपुर पूजा रानी, दलनायक योगेन्द सिंह देव, दलनायक भूपेश पांडेय,दलनायक श्याम पाल रावत,सूवेदार शिविरपाल उमेश कुमार सोनकर, सुबेदार मेजर खुर्शीद अली, प्रभारी पीएमएस गीता उप्रेती आदि मौजूद रहे।



**खेलकूद**

- जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया शुभारंभ,1500 मीटर में रुद्रपुर माडल स्कूल प्रथम

## मुख्यमंत्री की प्रेरणा से सीएसआर पहल

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निजी आवास नगला तराई से 6 शौचालयों को फ्लैग ऑफ किया गया रवाना। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से रेकिट एवं प्लान इंडिया की ओर से % एक कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल की गई है। ?इस पहल का मुख्य उद्देश्य पूर्णागिरी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन के आलोक में स्वच्छता और जन स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है।? रेकिट संस्था ने जिला प्रशासन चंपावत को सीएसआर के अंतर्गत पूर्णागिरि मेले के लिए मोबाइल टॉयलेट वैन उपलब्ध कराए हैं। ? ?इन छह वैनों में चार महिला और चार पुरुष शौचालय के साथ-साथ दो चेंजिंग रूम भी हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, डीएम नितिन सिंह भदौरिया,चंपावत मनीष कुमार, एसएसपी मणिकांत मिश्रा,सीडीओ दिवेश शाशनी,एडीएम कस्तूभ मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# 4 को होगा कुमाऊं विवि नैनीताल का दीक्षांत समारोह

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के इतिहास में पहली मर्तबा देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू विवि के दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करने जा रही हैं।

कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने सोमवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में पत्रकारों से वार्ता कर दीक्षांत समारोह की जानकारी दी। प्रो. रावत ने बताया कि दीक्षांत समारोह आगामी 4 नवंबर को कुविवि के डीएसबी परिसर के ए.एन. सिंह प्रेक्षागृह में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा 90 मेधावी छात्रों को पदक समेत 234 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि तथा 3 को डीलिट जबकि 7 को नकद पुरस्कार तथा 16 हजार 183 स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।

कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय ने इस वर्ष शोध कार्यों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की है साथ ही पटवाडांगर स्थित भूमि अब विश्वविद्यालय के नाम दर्ज हो चुकी है जहाँ विश्वविद्यालय का तीसरा परिसर स्थापित किया जाएगा। प्रो.रावत के मुताबिक राष्ट्रपति का आगमन कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के लिए गौरव का क्षण है और यह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्पद होगा। दीक्षांत समारोह कार्यक्रम के लिए तैयारी तेजी से की जा रही हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान विवि के वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी समेत कुल सचिव डा. मंगल सिंह मंद्रवाल, भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. संजय पंत, पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. गिरीश रंजन तिवारी आदि मौजूद रहे।



**तैयारी**

- देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू होंगी चीफ गैस्ट

# फिल्मी दुनिया

## प्रियंका चोपड़ा ने भतीजी वैलेंटिना को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं





*प्रियंका चोपड़ा ने अपनी भतीजी वैलेंटिना को जन्मदिन की बधाई दी। वैलेंटिना, निक के भाई केविन जोनस और डैनियल जोनस की बेटी हैं। प्रियंका ने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर वैलेंटिना के साथ एक प्यारी तस्वीर शेयर की और एक खास नोट भी लिखा। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर वैलेंटिना के साथ एक प्यारी तस्वीर शेयर की, जिसमें वे वैलेंटिना को गोद में लिए हुए मुस्कुराती हुई नजर आ रही हैं। वैलेंटिना ने कान बंद करने वाले हेडफोन पहने हुए हैं और हाथ में बज लाइटईयर खिलौना पकड़ा है। यह तस्वीर जोनस ब्रदर्स के कॉन्सर्ट के दौरान की है। इस तस्वीर के साथ प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, तुम जादू हो वैलेंटिना। जन्मदिन मुबारक। इस प्यारी तस्वीर के साथ प्रियंका ने केविन और डैनियल को टैग किया और कहा, मैं तुमसे प्यार करती हूं। प्रियंका, सिंगर निक जोनस की पत्नी हैं और जोनस परिवार के बेहद करीब हैं। वे अक्सर निक के कॉन्सर्ट और परिवार की पार्टियों की तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में प्रियंका ने न्यूयॉर्क में निक के साथ करवा चौथ मनाया। निक अपने टूर से घर लौटे और सरप्राइज दिया। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर की थीं।*

### प्रियंका का वर्कफ्रंट

*आखिरी बार प्रियंका हॉलीवुड फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट में नजर आई थीं। प्रियंका चोपड़ा निर्देशक एस.एस. राजामौली की फिल्म एसएसएमबी29 में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म में प्रियंका के अलावा महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन भी नजर आएंगे। इस फिल्म के अलावा प्रियंका द ब्लफ में भी नजर आएंगी।*

# 72 वें दिन भी जारी रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला के कार्यकारिणी सदस्य चन्दन सिंह मटियाली ने कहा भाजपा सरकार हमारे गाँव के ग्रामीण जिनके घर, जमीनें खतरे की जद में हैं उन्हें अपने को उनकी सरकार कहकर ग्रामीणों के बीच आन्दोलन को तोड़ने के लिए तरह - तरह की अफवाहें फैलाकर ग्रामीणों के बीच फूट डालने की कोशिश कर रही है परन्तु गाँव की जनता इस बात को अच्छी प्रकार से जानती है गाँव में ग्रामीणों के मकान गिराने, ग्रामीणों को नोटिस देने, गाँव में पेयजल योजना को रोकने, सड़क निर्माण पर रोक लगाने, विद्युत कनैक्शन पर रोक लगाने, लोगों के घर - शौचालय निर्माण पर रोक लगाने का काम भाजपा ने ही किया है साथ ही हमारे विधायक और हमारी भाजपा सरकार द्वारा ग्रामीणों का 18 अगस्त से मालिकाना हक दिलाने और निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने के लिए चले आन्दोलन की अनदेखी कर 19 अगस्त से चली विधानसभा में कोई सवाल तक नहीं उठाया गया आज वही लोग कह रहे हैं हम पर भरोसा करो।

71 वें दिन के धरना प्रदर्शन को अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी, मो. परवेज, हेमलता, विमला, दीवान सिंह बर्गली ने भी सम्बोधित किया ।

71 वें दिन के धरना प्रदर्शन में विमला देवी, दौलत सिंह, आनंद सिंह नेगी, नीमा देवी, अनवरी देवी, भगवती, मोहम्मद परवेज, नारायण यादव, भोला सिंह, वेद प्रकाश, पार्वती देवी, पार्वती, चंद्रप्रकाश, गोपाल सिंह बिष्ट, दिनेश चंद, रेखा रानी, हेमा आर्य, मुन्नी देवी, चंदन सिंह मटियाली, असलम, हसन, दीवान सिंह बरगली, मारूफ अली, नसीम अहमद, हेमा देवी , रेशमा, सुनीता देवी, सोहनलाल, जस राम आदि मौजूद रहे। सभा का संचालन अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला के सचिव वेदप्रकाश ने किया ।

News कॉर्नर

## 1 नवंबर से सुबह 9 से शाम 3 बजे तक रहेगी ओपीडी

**नैनीताल** । ठंड के चलते राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में 1 नवंबर 2025 से 28 फ रवरी 2026 तक ओपीडी का समय अब सुबह 9 से शाम को 3 बजे तक होगा। 1 मार्च 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक यह समय सुबह 8 से अपराह्न 2 बजे तक था। बता दें कि नैनीताल में ठंड शुरू हो चुकी है। ठंड के चलते नैनीताल बीडी पांडे अस्पताल में सुबह कम मरीज पहुंचते हैं जिसके चलते प्रतिवर्ष 1 नवंबर से 28 फ रवरी तक ओपीडी एक समय सुबह 9 से शाम को 3 बजे कर दिया जाता है। अस्पताल के पीएमएस टीके टमटा ने बताया कि ठंड के मौसम के चलते 1 नवंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक ओपीडी सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक रहेगी।

## कुर्मविनि संयुक्त कर्मचारी महासंघ के सनवाल अध्यक्ष व पंत को महासचिव बने

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के चुनाव सोमवार को पर्यटक आवास गृह सूखाताल नैनीताल में चुनाव अधिकारी हेमंत आर्य व भुवन पाटनी के देख रेख में संपन्न हुए जिसमें सर्वसमति मंजुल प्रकाश सनवाल को अध्यक्ष तथा रमेश पंत को महासचिव बनाया गया। इसके अलावा पीतांबर दुम्का को संगठन का कोषाध्यक्ष बनाया गया। चुनाव में वरिष्ठ उपाध्यक्ष शीला साह, तारा दत्त भट्ट, महिमन कफ लिया, संजय कुमार तथा दीपक पांडे, उपाध्यक्ष पद पर दीपक पंत, कमला धनिक, महेश कुमार, गणेश चनियाल तथा गिरीश शर्मा, सचिव पद पर अमर शाह, रूपा रावत,प्रीति गंगोला, प्रकाश कबडवाल जबकि संगठन मंत्री पद पर मोहमद आसिफ ,कपिल पन्त, प्रदीप भाकुनी तथा राजेश तिवारी व नरेश वारियाल को बनाया गया। इधर विगत 30 वर्षों से अध्यक्ष पद पर काबिज दिनेश गुरु रानी को संयोजक का पद दिया।

# उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के मौके पर होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी चयनित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में सोमवार को उत्तराखंड की रजत जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का चयन किया गया।

प्रतियोगिता में वीडियो मेकिंग, क्विज, डिबेट तथा एकल गायन, एकल नृत्य तथा समूह नृत्य ,स्केचिंग, क्राफ्ट, फूड प्रोडेकट पर प्रतियोगिता संपन्न हुई । इस मौके पर कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने सभी प्रतियोगिताओं का निरीक्षण किया तथा सभी विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं दी । उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत सिंह के निर्देशों पर रजत जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन तथा



कॉफ ी टेबल बुक बनाई जा रही है तथा उच्च शिक्षा के इतिहास पर भी प्रदर्शनी आयोजित होगी । इसके लिए प्रो. वीना पांडे, प्रो.रितेश साह तथा प्रो. ललित तिवारी को सह संयोजक बनाया गया है। इसी क्रम में सोमवार को कुमाऊं विश्वविधालय नैनीताल के प्रतिभागी जो राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेंगे उनका चयन किया गया । प्रतियोगिता के तहत डिबेट में अर्णव त्रिपाठी, नकुल साह देव जबकि क्विज में नंदिनी जोशी, वंशिका आर्य तथा नकुल साह देव, वीडियो मेकिंग में सौरभ यादव जबकि एकल नृत्य में भावेश विश्वकर्मा,समूह नृत्य में एनसीसी ग्रुप तथा क्राफट में प्रिंसी वर्मा, स्केचिंग में सहज गिल जबकि मिलेट रेसिपी में आद्या तथा रिया व निकिता व कंचन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागी अब राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। समन्वयक प्रोफेसर ललित तिवारी ने सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए । प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रो. सुषमा टमटा, प्रो.नीलू लोधियाल, प्रो. छवि, प्रो.गिरीश रंजन तिवारी, ,डॉ पूनम बिष्ट, डॉ दीपिका पंत, डॉ प्रभा पंत समेत डा. हिमानी कार्की ,डॉ किरण तिवारी, डॉ नवीन पांडे, डॉ अशोक कुमार,डॉ रवि जोशी, डॉ अलंकार,डॉ संध्या तथा डा. डी एस बिष्ट आदि ने सहयोग किया। दूसरी ओर अब 29 अकटूबर (बुधवार) को डीएसबी परिसर नैनीताल में कुमाऊं विश्वविधालय से संबद्ध महाविद्यालयों की प्रतिभागियों का चयन होगा।

# कोतवाली के सामने रेस्टोरेंट में चोरों का धावा, हजारों का सामान उड़ाया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

वैसे तो पुलिस आए दिन शहर को अपराध मुक्त कहती नजर आती है लेकिन शहर में अपराधियों की कमी नहीं है कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर चोरों ने पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोल कर रख दी है।

इस घटना से पुलिस के ऊपर कई सवालिया निशान खड़े हुए हैं चोरों ने कोतवाली के ठीक सामने एक रेस्टोरेंट में धावा बोलकर वहां से हजारों की नगदी सहित अन्य सामान पार कर पुलिस को चुनौती दी है रेस्टोरेंट स्वामिनी ने कोतवाली पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तारीफ सौंप कर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। सौंपी तहरीर में नैनीताल रोड स्थित मोती महल रेस्टोरेंट की स्वामिनी रविंदर कौर पत्नी मनजीत सिंह ने कहा है कि रात में चोरों ने छत का डोर क्लीपर तोड़ कर रेस्टोरेंट के अंदर दाखिल हुए और वहां से एक आईफोन एक तांबे की गगरी वह गुल्लक में रखे 4500/रुपए की नगदी सहित क्रॉकरी ले गए चोरी का रेस्टोरेंट स्वामिनी को जब पता लगा जब उसने रोज की भर्ती सुबह को अपना रेस्टोरेंट खोला तो उसका सारा सामान बिखरा पड़ा था उसने जब देखा की छत का दरवाजा टूटा है उसे आभास हुआ कि रेस्टोरेंट में चोरों ने धाबा बोल दिया है उसने पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर परिजनों से मारपीट,पथरा व,दरवाजे तोड़े

**रुद्रपुर।** थाना ट्राजिट कैंप पुलिस ने तीन भाइयों समेत एक महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपियों पर घर में घुसकर परिजनों से मारपीट कर पथराव करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक ट्रांजिट कैंप के शिवनगर निवासी रेखा पत्नी राजकुमार ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में महिला ने बताया कि 20 जुलाई 2025 को समय लगभग रात 12-30 बजे सोनू उर्फ विगाडा और उसके भाई करन, जुगनु, पुत्र सुरेश, ज्योति पत्नी करन निवासी विवेक नगर घर के अंदर घुसकर गंदी गंदी गालिया देने लगे। विरोध किया तो उक्त लोगो ने मुझे व पुत्र संजय को बुरी तरह लाठी डंडो व लातो घुसो से पीटा। महिला के मुताबिक उसने किसी तरह से गेट बंद कर लिया तो सभी ने गेट पर ईंटे पत्थर और डंडे मारे, और गेट तोडने की कोशिश की। शोर मचाने पर वह लोग बेटे को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। बाद में उपचार को अस्पताल पहुंचे। यहां पर डॉक्टर ने कूल्हे मे फैकचर बताया।

# 1 नवंबर से होगा दो दिनी हिमालयन इकोस का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में एक बार फि र साहित्य, कला और संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

बता दें कि कुमाऊं फेस्टिवल ऑफ लिटरेचर एंड आर्ट्स (हिमालयन इकोस) का आयोजन इस वर्ष उत्तराखंड पर्यटन विभाग के सहयोग से 1 तथा 2 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन उत्तराखंड पर्यटन विभाग के सहयोग से और हेरिटेज अबॉट्सफ ोर्ड एस्टेट (प्रसादा भवन) की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में होगा। फेस्टिवल अपनी 100वीं वर्षगांठ मना रहा है और अब यह पूरे हिमालय क्षेत्र का एक प्रमुख सांस्कृतिक मंच बन चुका है। इसमें भारत, नेपाल व भूटान सहित हिमालयी देशों के लेखक, कलाकार व पर्यावरणविद् तथा नीति-निर्माता और शोधकर्ता भाग लेंगे।फेस्टिवल हिमालय की सांस्कृतिक और पारिस्थितिक विरासत को संरक्षित करना और स्थानीय आवाजों को वैश्विक मंच देना है। फेस्टिवल में देश-विदेश के नामचीन लेखक, कलाकार, संगीतज्ञ और पर्यावरणविद भाग लेंगे। संस्थापक जान्हवी प्रसादा ने बताया की हिमालयन इकोज वह स्थान है जहाँ पहाड़ खुद हमारे कहानीकार बन जाते हैं। यहाँ की आवाजे याद दिलाती हैं कि संस्कृति, प्रकृति और समुदाय एक-दूसरे से अभिन्न हैं। हर साझा कहानी हमारे पहाड़ों को जीवित रखती है। फेस्टिवल को क्षेत्र से गहराई से जुड़े स्थानीय टीम में अंकिता सिंघल फेस्टिवल एग्जीयूटिव प्रोडूसर कीवा सिंह, फ ाउंडर एमवीएफ शिवेश्वर सिंह , निखिल आनादि सिंह लोकल आउटरेच और पाखी पांडे रिसर्च स्कॉलर कुमाऊँ यूनिवर्सिटी हैं। लेखन और पर्यावरणीय सृजनशीलता में उत्कृष्ट योगदान के लिए हिमालयन इकोस नेचर प्राइज से स्टेपहेन अल्टर को समानित किया गया वही जान्हवी प्रसादा की पुस्तक नैनीताल- श्री मेमोरीए स्टोरीज - हिस्ट्रीज में नैनीताल की ऐतिहासिक स्मृतियों का जीवंत चित्रण है जिसे लॉन्च किया जाएगा। फेस्टिवल में कई स्पीकर परफॉरमेंस करेंगे।



# भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के निबंध प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल के मेधावी छात्र-छात्राओं की ओर से नैनीताल समाचार द्वारा आयोजित आन द स्पॉट निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार और चल वैजयंती ट्राफी मिलने पर विद्यालय में हर्ष माहौल है।

संस्था के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता द्वारा बताया कि विगत कई वर्षों से भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के छात्र- छात्राएं नैनीताल समाचार द्वारा आयोजित ऑन द स्पॉट निबंध प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि इस वर्ष निबंध प्रतियोगिता की चल वैजयंती भी भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय ने हासिल की है ।प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग का शीर्षक युवाओं में नशे का चलन था। इसमें 12वीं की छात्रा सुनैना ने सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया जबकि 12वीं की काव्या जोशी ने उत्कृष्ट स्थान वहीं कृतिका बिष्ट ने विशेष स्थान प्राप्त किया जबकि 11 वीं कक्षा की छात्रा रिया बरगली ने सराहनीय स्थान प्राप्त किया। मध्यम वर्ग में निबंध प्रतियोगिता का शीर्षक आपदा के जिमेदार कौन विषयक प्रतियोगिता में कक्षा 9 के हर्षित अधिकारी ने सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया जबकि सुलेख में कक्षा 9 के हितेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।कनिष्ठ वर्ग में शीर्षक रेड अलर्ट छुट्टी सजा या मजा में कक्षा 6 की छात्रा कुमारी चंपा मेहरा ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा 6 के ही हर्षित जोशी ने सुलेख में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया । दूसरी ओर विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट ज्योति प्रकाश समेत डीएसबी कैंपस की निदेशक प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने इन बच्चों को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।




## शोध छात्रा डॉ. रिया गुप्ता का पोस्ट डॉक्टोरल के लिए चयन

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की शोध छात्रा डॉ. रिया गुप्ता का यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन एन अर्बोर यू एस ए में पोस्ट डॉक्टोरल के लिए चयन हुआ है। डॉ रिया गुप्ता ने अपना शोध प्रोपेगेशन ऑफ मेडिशनल प्लांट एंड देयर परफॉर्मेंस इन फील्ड कंडीशंस इन नैनीताल कुमाऊं हिमालय विषय पर वनस्पति वो ज्ञान विभाग की प्रोफेसर नीलू लोध याल के निर्देशन में पूर्ण की ।

# एनएसएस स्वयंसेवक आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के लिए चयनित

भीमताल

हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाईए ग्राफि क एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल के आठ स्वयंसेवक उत्तराखंड के 15वीं बटालियन( राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) गदरपुर में आयोजित विशेष आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चयनित हुए हैं।

यह प्रशिक्षण 25 अकटूबर से 1 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य युवाओं को प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं से निपटने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। चयनित स्वयंसेवकों में यशवर्धन सिंह रावत (बीबीए प्रथम वर्ष), दिव्यांशु बोरा (बीकॉम प्रथम वर्ष),दीपेश जोशी (बीकॉम प्रथम वर्ष),अंतरिक्ष कुमार (बीबीए प्रथम वर्ष), रुद्रांश सिंह बिष्ट (बीबीए प्रथम वर्ष), विवेक कुमार (बीबीए प्रथम वर्ष) तथा विवेक पांडे (बीबीए प्रथम वर्ष) और रोहित सिंह बिष्ट ;बीबीए प्रथम वर्षद्ध शामिल हैं।

विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं निदेशक ने चयनित स्वयंसेवकों को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि वे इस प्रशिक्षण से अर्जित ज्ञान एवं कौशल का प्रयोग समाज सेवा एवं आपदा प्रबंधन कार्यों में करेंगे।

# वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बड़ा फेरबदल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड गृह विभाग ने सोमवार को पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 16 आईपीएस और 8 पीपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इस व्यापक बदलाव में चार जिलों के पुलिस कप्तान भी बदले गए हैं। नए आदेशों के अनुसार आईपीएस मंजूनाथ टीसी को नैनीताल और आईपीएस सर्वेश पंवार को पौड़ी गढ़वाल का नया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नियुक्त किया गया है।

एडीजी डॉ. पीवीके प्रसाद से निदेशक अभियोजन का चार्ज हटा लिया गया है, अब यह जिम्मेदारी एडीजी एपी अंशुमान को दी गई है। प्रसाद कमांडेंट जनरल होमगार्ड के पद पर बने रहेंगे। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अभिनव कुमार को कारागार के साथ-साथ एडीजी इंटेलीजेंस एंड सिक्योरिटी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एडीजी एपी अंशुमान से इंटेलीजेंस का चार्ज वापस ले लिया गया है। एडीजी अमित कुमार सिन्हा से निदेशक फोरेंसिक की जिम्मेदारी हटाई गई है। आईजी विम्मी सचदेवा से मानवाधिकार का चार्ज हटाकर केवल आईजी मुख्यालय का कार्यभार रखा गया है। वहीं आईजी डॉ. नीलेश आनंद भरणे को नया निदेशक फोरेंसिक बनाया गया है; उनके पास आईजी साइबर, एसटीएफ और एएनटीएफ की जिम्मेदारी पहले की तरह बनी रहेगी। आईजी अनंत शंकर ताकवाले को ट्रेनिंग के साथ अब मानवाधिकार शाखा की भी जिम्मेदारी दी गई है। वहीं आईजी सुनील कुमार मीणा को कानून व्यवस्था और जीआरपी का चार्ज सौंपा गया है। एसएसपी नैनीताल प्रह्लाद नारायण को एसपी विजिलेंस मुख्यालय भेजा गया है, जबकि उनकी जगह मंजूनाथ टीसी को नैनीताल का जिला पुलिस कप्तान नियुक्त किया गया है। एसएसपी सीआईडी यशवंत सिंह को ट्रांसफर कर 31 बटालियन पीएसी का सेनानायक बनाया गया है। एसपी लोकेश्वर सिंह को एसपी मुख्यालय नियुक्त किया गया है। पौड़ी के एसएसपी सर्वेश पंवार को अब वहां का जिला पुलिस प्रमुख बनाया गया है, जबकि उनके स्थान पर चमोली के नए एसपी सुरजीत पंवार होंगे। एसपी उत्तरकाशी सरिता डोबाल को इंटेलीजेंस मुख्यालय भेजा गया है और उनकी जगह कमलेश उपाध्याय को नया एसपी बनाया गया है। एसपी पंकज गैरोला को हरिद्वार एसपी सिटी से ट्रांसफर कर एसपी विकासनगर (देहरादून देहात-2) बनाया गया है। अभय कुमार सिंह को अब एसपी सिटी हरिद्वार का कार्यभार मिला है।एएसपी प्रकाश चंद को हल्द्वानी से ट्रांसफर कर उपप्रधानाचार्य, पीटीसी नरेंद्रनगर नियुक्त किया गया है; उनके स्थान पर मनोज कुमार कत्याल हल्द्वानी में नए एएसपी होंगे। रेनू लोहानी को एसपी विकासनगर से हटाकर आईआरबी द्वितीय में भेजा गया है। स्वप्न किशोर सिंह को एसपी एसटीएफ से ट्रांसफर कर एएसपी काशीपुर बनाया गया है।

एएसपी मनीषा जोशी को आईआरबी प्रथम रामनगर से स्थानांतरित कर उप सेनानायक पीएसी हरिद्वार बनाया गया है। एएसपी कमला बिष्ट को सीआईडी से हटाकर एएसपी विजिलेंस नैनीताल की जिम्मेदारी सौंपी गई है।